## एक नजर

### नटेरन पुलिस ने कार से 23 पेटी शराब जब्त की

**नटेरन।** ग्राम नरखेड़ा खड़या एक क्विड गाड़ी क्रमांक मप्र 40 सीए 7937 से पुलिस ने शराब की पेटियां जब्त की। सूचना पर पुलिस ने कार को रोका गाड़ी चेक की तो उसके अंदर जितू कुशवाह निवासी बासोदा और फरीद मंसूरी निवासी बासोदा बैठे मिले। जितू भाग निकला जबकि फरीद पकड़ा गया। गाड़ी की डिग्गी में 23 पेटी देशी शराब मिली आरोपित फरीद से शराब व गाड़ी जब्त की गई। फरार जीतू की तलाश जारी है। शराब की क़ीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई में निरीक्षक मोहर सिंह मंडेलिया, उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, एएसआइ जीडी शर्मा की भूमिका रही। -नप्र

### कलेक्टर ने किया ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिले के ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, सील और रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित मासिक कार्यक्रम के तहत यह नियमित निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा और संरक्षित रखरखाव सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने गोदाम में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निर्वाचन संबंधी सामग्री की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस तरह का निरीक्षण प्रत्येक माह किया जाता है। -नप्र

# अब 125 दिन रोजगार, मजदूरी बढ़कर 300 रुपये प्रतिदिन : विधायक उमाकांत

## आयोजन ● वीबी-जी रामजी योजना का ग्राम उनारसी में हुआ कार्यक्रम

**नवदुनिया न्यूज, लटेरी:** मनरेगा की जगह आई वीबी-जी रामजी योजना का ग्राम उनारसी में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम हुआ। वीबी-जी रामजी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम अनिल कचनारे, जनपद पंचायत सीईओ उदयप्रताप सिंह, थाना प्रभारी स्मिता सिंह सहित स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्र में विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि जी राम जी में अब 100 के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी तथा 261 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव-गांव विकास पहुंचा है और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके बाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उन्होंने वीबीजी रामजी योजना में किए गए नए प्रावधानों की जानकारी दी।

**गांव में बनाए 490 पीएम आवास:** हमने वह समय भी देखा है जब गांव में पक्के मकान देखने को नहीं मिलते थे लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव-गांव आवास पहुंचाया है और पक्के मकान बने हैं। वहीं विधायक ने स्थानीय सचिव से पूछकर ग्रामीणों को बताया कि इस गांव में 490 आवास बन चुके हैं एवं 384 और बनाए जाना है। उन्होंने अन्य विकास योजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा यहां जितना विकास लक्ष्मी कांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया, उतना किसी ने नहीं किया।



कार्यक्रम में लाइव प्रसारण देखते हुए विधायक व अन्य ग्रामीण। ● नवदुनिया

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ उदयप्रताप सिंह ने वीबीजी रामजी योजना के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, दिनेश शर्मा, जगन सिंह यादव, गुलाब सिंह यादव, हरिराम अहिरवार कप्तान सिंह, मेहरवान सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, शैतान सिंह, नर्बदा प्रसाद अहिरवार, काशीराम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

**एक जुलाई से लागू हुई योजना:** बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक जुलाई से इस नई योजना को लागू कर दिया है। सरकार ने इस नई ग्रामीण रोजगार योजना के तहत मजदूरी दरों में भी बढ़ोतरी की है। अब देश में औसत दैनिक मजदूरी 298.8 रुपये से बढ़कर 327.4 रुपये हो गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है, नई दरें 1 जुलाई से लागू हो गई हैं।

**कार्यक्रम उपरांत जन समस्याओं का किया निराकरण:** गांव में हुए कार्यक्रम समाप्ति के अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना तथा उपस्थित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। इसे एसडीएम और सीईओ को अलअ अलग विभागों के पास निराकरण के लिए भेजा गया है।

### मेहलुआ में भी हुआ आयोजन

**कुरवाई।** ग्राम पंचायत मेहलुआ में गुरुवार को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन वीबी जीरामजी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना।

कार्यक्रम में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान और श्रमिकों के उत्थान के लिए निरंतर ऐतिहासिक योजनाएं लागू कर रही है। ये आजीविका को सशक्त बनाएगा तथा आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधायक ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता महाराज सिंह दांगी, जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, बलवीर सिंह दांगी, जनपद सदस्य विनोद दांगी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, जीआरएस एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र संसद के शपथ ग्रहण समारोह में साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में निर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह।

**नवदुनिया न्यूज, सिरोंज:** निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित छात्र संसद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला, विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी तथा प्राचार्य सिस्टर टेन्सी ने नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैज प्रदान किए। विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। स्वागत भाषण शिक्षिका प्रतिभा पाटीदार ने दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देला ने कहा कि पद प्राप्त करना महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि उसकी गरिमा बनाए रखते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र पदाधिकारियों से विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करने तथा अपने साथियों की आवाज बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया धोखाधड़ी सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका असमा सादिक ने किया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षक मुर्तुजा अली ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक रफत उल्लाह एवं सोनम आम्रबंशी ने किया।

## विद्युत कनेक्शनों की जांच कर 52 प्रकरण दर्ज

**नवदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन:** क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने और बकाया बिलों की वसूली के लिए बिजली कंपनी ने सघन कार्रवाई की है। महाप्रबंधक के निर्देश पर 2 जुलाई को चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत रायसेन शहर जोन में कुल 52 विद्युत कनेक्शनों के प्रकरण बनाए गए। इस जांच कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने और गड़बड़ी मिलने पर बिजली कंपनी द्वारा लगभग 9 लाख 80 हजार रुपये की राशि की बिलिंग की गई है। इस अभियान में आठ टीमें कार्यरत थीं, जिन्होंने रायसेन शहर के विभिन्न हिस्सों में एक साथ मोर्चा संभाला। इस दौरान मीटरों और सर्विस लाइनों की बारीकी से जांच की गई। साथ ही ऑनलाइन स्मार्ट मीटर से प्राप्त कंप्लेंटों के आधार पर चार स्मार्ट मीटर बायपास पाए जाने पर धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई।

# गांव मजबूत होंगे तो विकसित भारत का सपना होगा साकार : विधायक मुकेश टंडन

**नवदुनिया न्यूज, गुलाबगंज:** ग्रामीण भारत के समग्र विकास और रोजगार सृजन से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। केंद्र और राज्य सरकार गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही हैं। यह बात विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने गुरुवार को गुलाबगंज तहसील की ग्राम पंचायत गुलरखेड़ी में आयोजित जिला स्तरीय जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी विकसित भारत जी रामजी एक्ट के तहत आयोजित किया गया था।

विधायक टंडन ने कहा कि देश की 70 से 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, इसलिए ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी रामजी एक्ट के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी



जन सम्मेलन में हितग्राही को कार्ड भेंट करते विधायक मुकेश टंडन। ● नवदुनिया

जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गांवों का समग्र विकास ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन में ग्रामीणों को रोजगार गारंटी, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना और आजीविका संवर्धन से जुड़े प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।

## मत्स्य पालन व स्मार्ट फिश पार्लर के लिए आवेदन शुरू, मिलेगा 40% तक अनुदान

**नवदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** जिले में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य उत्पादन बढ़ाना और मछुआरों की आय में वृद्धि करना है। इसके तहत तीन से छह माह तक पानी रहने वाले तालाबों में मत्स्यबीज संवर्धन तथा छह से नौ माह तक पानी वाले तालाबों में मत्स्य पालन के लिए अनुदान दिया जाएगा। ग्रामीण तालाबों में झींगा पालन के लिए भी आवेदन किए जा सकते हैं। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि ग्रामीण तालाब पट्टाधारक, स्व-सहायता समूह और मछुआ सहकारी समितियां कार्यालय में आवेदन जमा कर सकती हैं। स्वीकृत प्रकरणों में कार्य पूर्ण होने के बाद इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। चयनित नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को पार्लर स्थापना के लिए पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

# 1500 विद्यार्थियों ने ली साइबर सुरक्षा की शपथ ओटीपी-फर्जी लिंक से बचने का दिया संदेश

**नवदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत गुरुवार को ओलंपस स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 1500 विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने साइबर सुरक्षा की शपथ लेकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी मांगने वाले संदेश, बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने और इंटरनेट मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक कंटेंट से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने के साथ परिवार



ओलंपस हाई स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल अतिथि। ● नवदुनिया

और समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी यातायात आशीष राय और सूबेदार मेघा शर्मा ने ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, साइबर बुलिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग धोखाधड़ी और सोशल मीडिया सुरक्षा से जुड़े मामलों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए।

विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें तथा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# क्षेत्र के 33 हजार 634 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



बच्चे को पोलियो दवा पिलाते हुए।

**नवदुनिया न्यूज सिरोंज।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 से 30 जून तक विकासखंड सिरोंज में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित कर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन की दिशा में प्रयास करना रहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड सिरोंज में 34 हजार 311 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अभियान के दौरान 33 हजार 634 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 98.02 प्रतिशत है। अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड में 295 पोलियो बूथ, 590 वैक्सीनेटर तथा 40 सुपरवाइजर तैनात किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले ने बूथों के साथ-साथ छूटे हुए बच्चों तक पहुंचकर उन्हें भी पोलियो की खुराक पिलाने का प्रयास किया। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं।

## मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था

**नववदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** श्री अमरनाथ मणिमहेश सेवा मंडल के बैनर तले गुरूवार को मालवा एक्सप्रेस से श्री अमरनाथ यात्रा के लिए शहर से 90 श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ जिनका श्रद्धालुओं ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। संस्था से जुड़े पंकज राय ने बताया कि संस्था पिछले 35 वर्षों से अधिक समय से श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से श्री



मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुए श्रद्धालु।

अमरनाथ यात्रा करा रही है। संस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष विदिशा जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं।

# दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य और हेल्थ पर दिया जोर

**नवदुनिया न्यूज, सिरोंज:** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में गुरुवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रवृत्ति योजनाओं और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉ. लालचन्द राजपूत ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार भी है। उन्होंने अनुशासन, नैतिक मूल्यों और महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। प्रो. एस.आर. तिवारी ने नियमित अध्ययन, समय के सदुपयोग और सकारात्मक सोच अपनाने की सीख दी। कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक चौहान ने पोस्ट



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं व स्टाफ। ● नवदुनिया

मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रो. संघ प्रिय गौतम ने सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति तथा डॉ. समृथ निनामा ने गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना की जानकारी देते हुए पात्र विद्यार्थियों से इनका लाभ लेने का आग्रह किया। विभिन्न विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, एनएसएस, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं से परिचित कराया। इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सत्र में मेंटल हेल्थ एवं वेलनेस पर भी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। संचालन डॉ. कल्पना पंचोली ने किया।

## अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य समरसता कार्यक्रम में शामिल हुए

**नवदुनिया न्यूज, सिरोंज:** बुधवार को अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य दर्जा राज्यमंत्री बारेलाल अहिरवार सिरोंज प्रवास पर आए और महामाई मैया के दर्शन उपरांत महामाई मंदिर पर आयोजित समरसता बैठक में शामिल होकर समरसता बैठक को संबोधित किया। इस दौरान राम जानकी मंदिर सिरोंज पर आयोजित मेधावी छात्रों को सम्मानित किया तत्पश्चात संत रविदास मंदिर पर आयोजित वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रमों के पश्चात भारतीय जनता पार्टी मंडल पथरिया के पूर्व अध्यक्ष राकेश रघुवंशी के निवास स्थान क्षत्री नाका कुरवाई रोड पर राज्य मंत्री का स्वागत हुआ, इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी ने राज्य मंत्री बारेलाल अहिरवार का शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश प्रभाकर, संतोष रघुवंशी और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



बारेलाल अहिरवार का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।


पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

अंचल कार्यालय, झर्रा टिकुरिया प्रथम मंजिल आस्था प्लाजा, कटनी - 483501
Email- coktn@pnb.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय - 17.07.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 17.07.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक**

**निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे**

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक<br>ब) आधिपत्य दिनांक<br>स) आधिपत्य प्रकार<br>द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य<br>ब) धरोहर राशि<br>स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक<br>द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा : विदिशा (ईओबीसी)**<br>**1. मेसर्स गुंसाई टायर रिमोल्डिंग इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता)**<br>**प्रोप. श्री हुकुम चंद अहिरवार पिता नाथूराम अहिरवार (बंधककर्ता),** पता: 23, इंडस्ट्रीयल एरिया सागर रोड, विदिशा (म.प्र.)-464001<br>**2. श्री हुकुम चंद अहिरवार पिता नाथूराम अहिरवार (बंधककर्ता)**<br>**प्रोप. मेसर्स गुंसाई टायर रिमोल्डिंग इंडस्ट्रीज**<br>पता: मकान नंबर 47, वार्ड नंबर 30, खारी फाटक रोड रेलवे गेट के पास, विदिशा (म.प्र.)-464001 | अचल संपत्ति प्लॉट नंबर 23, इंडस्ट्रियल एस्टेट, सागर रोड, गाँव विदिशा, तहसील विदिशा, जिला विदिशा में स्थित, क्षेत्रफल 3000 वर्ग फीट, यह संपत्ति दिनांक 24.06.1996 के लीज डीड के अनुसार है, जिसे जनरल मैनेजर, जिला इंडस्ट्रियल सेन्टर, विदिशा ने मेसर्स गुंसाई टायर रीमोल्डिंग इंडस्ट्री, प्रोप्राइटर श्री हुकम चंद पिता श्री नाथूराम अहिरवार, के पक्ष में निष्पादित किया था। **चतुर्सीमा (प्लॉट 1): उत्तर:** सागर रोड और नगर पालिका विदिशा की दीवार, **दक्षिण:** रोड, **पूर्व** : प्लॉट नंबर 22 मेसर्स पिटालिया प्लास्टिक, **पश्चिम:** खुली भूमि<br>और साथ लगे हुए प्लॉट पर, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट ग्राम विदिशा, तहसील विदिशा, जिला विदिशा यह संपत्ति दिनांक 16.05.2002 के लीज डीड के अनुसार मेसर्स गुंसाई टायर रीमोल्डिंग इंडस्ट्री, प्रोप्राइटर श्री हुकम चंद अहिरवार पिता श्री नाथूराम अहिरवार के पक्ष में, **चतुर्सीमा (प्लॉट 2): उत्तर:** इंडस्ट्रियल एस्टेट, **दक्षिण:** खूली भूमि और एल.यु.एन. शेड, **पूर्व**: गुंसाई टायर रीमोल्डिंग इंडस्ट्री, **पश्चिम:** खूली भूमि, | अ) 31/03/2021<br>ब) 25.10.2021<br>स) सांकेतिक आधिपत्य<br>द) रू.14,70,229.90<br>+ ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 29,28,000.00<br>ब) 2,93,000.00<br>स) 17.07.2026<br>द) 25,000.00 |
| **2. शाखा : विदिशा (ईओबीसी)**<br>**1. मेसर्स नितारा डेयरी (उधारकर्ता), प्रोपराइटर: स्व. अखिलेश किरार पिता कालूराम किरार (अब मृत), कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती कोमलबाई किरार पति कालूराम किरार के माध्यम से ( बंधककर्ता), दोनों का पता: 1** - अहमदपुर रोड, विजय नगर, हनुमान मंदिर के पास, विदिशा (म.प्र.), **2** - ग्राम मूदारा, झकमूदारा प्रसुखेड़ी, तहसील और जिला-विदिशा (म.प्र.), | अचल संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश खसरा नंबर 147/2/2/2, ग्राम मूदारा, झकमूदारा प्रसुखेड़ी, तहसील और जिला-विदिशा (म.प्र.) में स्थित , क्षेत्रफल 0.209, **चतुर्सीमा :- पूर्व-** रोड़,<br>**पश्चिम-** कमल सिंह की भूमि<br>**उत्तर -** विक्रेता की भूमि का बचा हुआ भाग,<br>**दक्षिण-** अखिल की भूमि<br>मालिक- श्रीमती कोमलबाई किरार पति कालूराम किरार | अ) 30/06/2021<br>ब) 25.10.2021<br>स) सांकेतिक आधिपत्य<br>द) रू. 26,43,226.00<br>+ ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 14,98,000.00<br>ब) 1,50,000.00<br>स) 17.07.2026<br>द) 25,000.00 |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्ते : (1)** विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

**स्थान: कटनी, दिनांक 02.07.2026** | **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**